पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने वाराणसी में प्रधानमंत्री जी के आगामी भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

## भ्रमण कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश

## सभा स्थल पर आने वाले लोगों के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं : मुख्यमंत्री

## लोकार्पण तथा शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की सभी औपचारिकताएं समय से पूरी कर ली जाएं

## शहर में वॉर्डवार समितियों का गठन करके लगातार स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने के निर्देश

## मुख्यमंत्री ने श्री कालभैरव मन्दिर एवं श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन–पूजन किया

**लखनऊ : 28 जुलाई, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद वाराणसी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आगामी भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के सेवापुरी के बनौली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभा स्थल पर आने वाले लोगों के लिए पेयजल, शौचालय सहित सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभा स्थल पर बरसात के दृष्टिगत सभी तैयारियां की जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रावण मास में प्रधानमंत्री जी का वाराणसी आगमन हो रहा है। हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कार्यक्रम को व्यवस्थित तथा सफल तरीके से आयोजित कराएं। सभा स्थल के आसपास कहीं भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न हो। प्रधानमंत्री जी के आगमन रूट पर ट्रैफिक जाम की स्थिति न होने पाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम क्रियाशील रहे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोकार्पण तथा शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की सभी औपचारिकताएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने शहर में वॉर्डवार समितियों का गठन करके लगातार स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए। शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या न होने पाए। वरुणा नदी में साफ–सफाई अभियान चलाया जाए।

अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रेजेण्टेशन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के आगामी वाराणसी भ्रमण के सम्बन्ध में की जा रही प्रशासनिक तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, जनसभा स्थल की व्यवस्थाओं व लोकार्पण/शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं से अवगत कराया गया।

बैठक के उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने श्री कालभैरव मन्दिर एवं श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन–पूजन किया।

बैठक में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————